रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ (क) और (ख) जी नहीं, परियोजना, जो कि निर्धारित समय अनुसूची के भीतर पूरी नहीं की जा सकीं, उनमें मुख्यतः संसाधनों की तंगी के कारण विलम्ब हुआ।

(ग) और (घ) कंप्यूटरों का परियोजनाओं पर निगरानी रखने के लिए उत्तरोत्तर प्रयोग किया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त की गई प्रगति, बचे हुए काम का ब्यौरा और कार्यों संबंधी अन्य ब्यौरा कंप्यूटरों में फीड किया जाता है और स्थिति पर इसके आधार पर निगरानी रखी जाती है।

दिल्ली-शामली-सहारनपुर सेक्शन पर यात्री रेलगाड़ियां का चलाया जाना

6304. **श्रीमती मालती शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली-शामली-सहारनपुर सेक्शन पर सभी रेलगाड़ियां यात्री गाड़ियों के रूप में चलाई जा रही हैं।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि करने तथा उक्त मार्ग पर सुपर-फास्ट रेलगाड़ियां चलाने के लिए वर्ष 1994-95 के दौरान उत्तर प्रदेश में शामली से कोई ज्ञापन/प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस क्षेत्र को सुपर फास्ट एवं अन्य रेलगाड़ियों के माध्यम से जोड़ने का विचार रखती है;

(ङ) क्या सरकार शामली में आरक्षण सुविधा, रेल विद्युतीकरण और वहां से लंबी दूरी की रेलगाड़ियां चलाने का भी विचार रखती है;

(च) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ) : (क) और (ख) जी नहीं। पैसेंजर/डीलर कर्षित पुश-पुल गाड़ियों के अलावा दिल्ली-शामली-सहारनपुर खंड पर 4545/4546 एक्सप्रेस भी चल रही है। इसके अलावा, जब डीजल कर्षित पुश-पुल गाड़ियां चलाई गई थीं तो उस समय खंड पर गाड़ियों की गति भी बढ़ाई गई थी।

(ग) जी हां।

(घ) से (च) परिचालनिक कठिनाइयों तथा संसाधनों की तंगी के कारण उस खंड पर और अधिक गाड़ियां चलाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। जब कभी, लंबी दूरी की, आरक्षित स्थान वाली कोई गाड़ी इस खंड पर चलाई जाएगी तो शामली पर आरक्षण कोटे की व्यवस्था की जाएगी। संसाधनों की तंगी तथा अन्य उच्चघनत्व वाले मार्गों के विद्युतीकरण के लिए सापेक्ष प्राथमिकताओं के कारण इस खंड को विद्युतीकरण करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

जम्मू-ऊधमपुर रेल लाइन परियोजना को पूरा किया जाना

6305. **श्री जनेश्वर मिश्र :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जम्मू-ऊधमपुर रेल लाइन परियोजना के कब तक पूरी होने की सम्भावना है;

(ख) क्या यह सच है कि परियोजना के कार्यान्वयन में अनावश्यक विलम्ब के कारण इसकी लागत बहुत अधिक बढ़ गई है;

(ग) अब तक इस परियोजना पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है और अब तक कितने किलोमीटर लम्बी लाइन बिछाई जा चुकी है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़ :) (क) 31.3.1997 तक

(ख) जी हां।

(ग) और (घ) 31.3.1995 तक, कुल खर्च की गई राशि 135.13 करोड़ रुपये है। जम्मू-बजलता (11 कि०मी०) लाइन का निर्माण कार्य जुलाई 1992 में पूरा हो गया था तथा इसे यातायात के लिए खोल दिया गया है। 31.3.97 की संशोधित लक्ष्य तिथि तक कार्य पूरा करने के लिए शेष खंड पर कार्य में प्रगति लाई जा रही है।

Beautification of Jaunpur Railway Station

6306. SHRI SANJAY DALMIA :
SHRI J.S. RAJU:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to beautify the Jaunpur railway station of Uttar Pradesh and its surroundings;

(b) if so, the scheme formulated and the financial allocations made on this accounts; and